

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)
23-25 मई 2026
जयपुर एग्ज़िबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (JECC), जयपुर
तकनीक से तरक्की

# ग्राम क्या है

ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) एक तीन दिवसीय कार्यक्रम है, जिसका आयोजन 23-25 मई 2026 को जे.ई.सी.सी., सीतापुरा, जयपुर में किया जाएगा। इस आयोजन में कृषि एवं पशुपालन संबंधी उन्नत तकनीकी, कृषि व खाद्य प्रसंस्करण, कृषि साख आदि से संबन्धित बड़ी कंपनियों, बैंकों के अनुभवी लोग, तकनीकी विशेषज्ञ और राजस्थान के हज़ारों किसान एक ही जगह पर उपस्थित होंगे।

राज्य सरकार के कृषि एवं पशुपालन से संबन्धित 13 से अधिक विभागों, कृषि विश्वविद्यालयों, केंद्र सरकार के कृषि से संबन्धित विभाग, ICAR संस्थानों की सहभागिता।

# ग्राम के उद्देश्य

**किसानों को मज़बूत करना** - किसानों को उच्च उत्पादकता और आय के लिए उन्नत तकनीकी जानकारी, नए तरीकों और बेहतरीन कार्यप्रणाली को अपनाने में सक्षम बनाना।

**कृषि-नवाचारों का प्रदर्शन** - कृषि और पशुपालन से संबंधित क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों, उत्पादों और उद्यमशीलता समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना।

**कृषि-आधारित रिसर्च को बढ़ावा देना** - कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में शैक्षणिक, संस्थागत और उद्योगों के शीर्ष विशेषज्ञों और नीति-निर्माताओं के साथ चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करना।

**कृषि-आधारित संरचना के लिए एक साझा प्लेटफॉर्म** - कृषि उत्पादन, प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी, प्रदर्शनी, बातचीत और जानकारी के प्रसार के लिए पूरी कृषि वैल्यू चेन और संबंधित गतिविधियों को एक साथ लाना।

**मार्केटिंग टाई-अप एवं संयुक्त उद्यम** - कृषि और संबंधित उद्यमों के लिए अपने उत्पादों को बढ़ावा देने और खरीददारों, वितरकों और अन्य प्रमोटरों से जुड़ने के लिए संबंध स्थापित करना। पूरक शक्तियों और साझा रणनीतिक हितों वाले संगठनों के बीच सहयोग और संयुक्त उद्यमों को प्रोत्साहित करना।

**प्रौद्योगिकी हस्तांतरण** - संस्थानों, कंपनियों और व्यक्तिगत हितधारकों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देना।

**अंतरराष्ट्रीय निवेश** - घरेलू और वैश्विक फर्मों को पर्याप्त निवेश के अवसरों के लिए अपने उत्पादों,







सेवाओं और प्रौद्योगिकियों को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करना।

**व्यावसायिक अवसर** - प्रतिभागियों के लिए कृषि और संबंधित क्षेत्रों में नए उद्यमों और विकास के रास्ते पहचानने और विकसित करने के लिए एक सक्षम वातावरण बनाना।

# ग्राम के मुख्य आकर्षण









**भव्य प्रदर्शनी** - देश-विदेश की उन्नत कृषि मशीनरी, स्मार्ट सिंचाई प्रणालियां, डेयरी व पशुपालन, जैविक खेती, नए कृषि उत्पाद एक ही छत के नीचे देखने को मिलेंगे।

**स्मार्ट फार्म** - विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए स्मार्ट फार्म में कृषि, बागवानी, पशुपालन, डेयरी, मछली पालन आदि से जुड़ी उन्नत तकनीकों और तरीकों को सजीव रूप से देखने का अवसर।

**किसान गोष्ठी** - विशेषज्ञों के साथ चर्चा करने, सीखने-समझने और कृषि व पशुपालन से जुड़ी अपनी समस्याओं के समाधान पाने का माध्यम।

**एग्री क्लिनिक** - विशेषज्ञों से फसलों के कीट-बीमारियों, पोषक तत्वों की कमियों और उपचार आदि से जुड़ी जानकारियां।

**विभिन्न सत्र** - विभिन्न विषयों पर देश-विदेश के एक्सपर्ट्स के विचार जानने का अवसर। महिला उद्यमिता, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, एग्री स्टार्टअप एवं एफ़.पी.ओ., कृषि में सूचना तकनीकी का अनुप्रयोग आदि महत्त्वपूर्ण विषयों पर सत्र।

**B2G एवं G2G बैठकें** - अनुसंधान संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय, एन.जी.ओ., एग्री स्टार्टअप, बैंक, निजी कंपनी/संगठनों के साथ MoU हेतु बैठकें।

**रूरल मॉल (ग्रामीण हाट)** - ग्रामीण उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए मॉडर्न एग्री मॉल की तर्ज़ पर नए तरह के (नवाचारयुक्त) कृषि उत्पादों का प्रदर्शन व बिक्री।

**वीडियो एरिना** - विश्व की अग्रणी कम्पनियों द्वारा वीडियो और फोटो के माध्यम से अपने उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया, तरीकों व क्षमता का प्रदर्शन।

**पुरस्कार** - कृषि एवं पशुपालन में उल्लेखनीय नवाचार और उपलब्धियों के लिए सम्मान।

**हॉल ऑफ फेम** - राज्य के विभिन्न जिलों के कृषि से संबन्धित क्षेत्रों में सफल एवं पुरस्कृत कृषकों की सफलता की कहानी का प्रदर्शन एवं उनसे संवाद।

# प्रदर्शनी विवरण

## कृषि यंत्रीकरण एवं संबद्ध सेवाएँ

1. ट्रैक्टर निर्माता
2. कटाई मशीनें एवं कंबाइन हार्वेस्टर
3. थ्रेशर (दाने अलग करने की मशीनें)
4. कृषि उपकरण
5. पावर टिलर
6. रोटावेटर
7. कल्टीवेटर
8. डिस्क हैरो

## कृषि इनपुट्स एवं संरक्षित खेती

1. कृषि रसायन (एग्रो केमिकल्स)
2. कृषि जैव प्रौद्योगिकी
3. जैव उर्वरक
4. कीटनाशक
5. उन्नत व हाइब्रिड बीज
6. अनाज एवं फसलें
7. सौर ऊर्जा प्रणाली

## सिंचाई, प्लास्टिकल्चर एवं प्रिसीजन फार्मिंग

1. ड्रिप (बूंद-बूंद) सिंचाई
2. स्प्रिंकलर (फव्वारा) सिंचाई
3. पाइप एवं प्लंबिंग पाइपलाइन प्रणाली
4. जल संचयन प्रौद्योगिकी
5. पंप (जल पंप)
6. ग्रीनहाउस (पॉलीहाउस) प्रौद्योगिकी
7. जल प्रबंधन एवं ऑटोमेशन
8. हाइड्रोपोनिक्स (मिट्टी रहित कृषि)

## फूड एवं फूड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी

1. खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी एवं उपकरण
2. प्रसंस्कृत एवं पैकेज्ड खाद्य पदार्थ
3. जमे हुए खाद्य पदार्थ (फ्रोजन फूड्स)
4. रेडी-टू-ईट (तैयार-खाने योग्य) खाद्य उत्पाद
5. मसाला प्रसंस्करण
6. प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग
7. तौल उपकरण एवं वजन मापने की मशीनें
8. पेय पदार्थ
9. बेकरी उत्पाद एवं सामग्री

## कटाई पश्चात प्रौद्योगिकी एवं उपकरण

1. उत्पाद हैंडलिंग एवं परिवहन उपकरण
2. रेफ्रिजरेशन, कोल्ड चेन सिस्टम एवं उपकरण
3. वैज्ञानिक भंडारण (वेयरहाउसिंग)

## पशुधन

1. पशुधन उन्नत नस्लें
2. पशुधन प्रजनन
3. पोल्ट्री
4. मत्स्य पालन
5. पशु स्वास्थ्य देखभाल एवं पशु चिकित्सा उत्पाद
6. पशु आहार एवं पोषण उत्पाद
7. पशुपालन उपकरण एवं मशीनरी

## डेयरी

1. डेयरी फार्मिंग एवं फार्म उपकरण
2. कच्चा माल एवं सामग्री
3. प्रसंस्करण उपकरण
4. पैकेजिंग उपकरण
5. दूध एवं दुग्ध उत्पाद

## पवेलियन

1. सहकार से समृद्धि
2. जैविक खेती
3. कृषि संबंधी राष्ट्रीय मिशन
4. एग्री स्टार्टअप
5. एफ़.पी.ओ.
6. एग्री ए.आई.

# GRAM 2026
# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)

- **GRAM 2026 क्या है और कब/कहाँ होगा?**
  ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (GRAM) 3 दिवसीय कृषि आयोजन है। यह 23–25 मई 2026 को JECC, सीतापुरा, जयपुर में होगा।
- **इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
  किसानों को आधुनिक तकनीक, बेहतर तरीकों और ज्ञान से सशक्त बनाना। साथ ही कृषि नवाचार और बिज़नेस अवसरों को बढ़ावा देना।
- **GRAM 2026 में कौन शामिल हो सकते हैं?**
  किसान, कंपनियाँ, बैंक, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ एक मंच पर आएंगे। देश-विदेश के निवेशक और उद्योग प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।
- **इस इवेंट में क्या-क्या गतिविधियाँ होंगी?**
  एग्ज़िबिशन, कॉन्फ्रेंस, किसान गोष्ठी, एग्री-क्लिनिक और B2B मीटिंग्स होंगी। साथ ही स्टार्टअप, वीडियो एरिना, रूरल मॉल और अवॉर्ड्स भी होंगे।
- **GRAM 2026 की मुख्य खासियत क्या है?**
  1 लाख+ किसानों की भागीदारी और लाइव डेमो प्लेटफॉर्म इसकी विशेषता है। यहाँ नई तकनीक, मशीनरी और कृषि समाधान एक ही जगह मिलेंगे।
- **क्या इसमें शामिल होने के लिए कोई शुल्क है?**
  नहीं, GRAM 2026 में शामिल होना पूरी तरह निःशुल्क है।
- **किसानों को इससे क्या लाभ मिलेगा?**
  फसल, बीमारियों और तकनीक से जुड़ी समस्याओं का समाधान मिलेगा। नई आय बढ़ाने के तरीके और आधुनिक खेती की जानकारी मिलेगी।
- **कंपनियों और निवेशकों के लिए क्या अवसर हैं?**
  नए प्रॉडक्ट लॉन्च, नेटवर्किंग और डिस्ट्रीब्यूशन विस्तार के मौके मिलेंगे। जॉइंट वेंचर और इंटरनेशनल निवेश के अवसर भी उपलब्ध होंगे।
- **किन-किन क्षेत्रों की प्रदर्शनी होगी?**
  कृषि मशीनरी, सिंचाई, जैविक खेती, फूड प्रोसेसिंग और पशुपालन शामिल हैं। डेयरी, कोल्ड स्टोरेज, हाइड्रोपोनिक्स और डिजिटल एग्रीकल्चर भी कवर होंगे।
- **क्या सरकार की योजनाओं की जानकारी मिलेगी?**
  हाँ, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं और सब्सिडी की जानकारी दी जाएगी। किसानों को सीधे अधिकारियों से संवाद का अवसर मिलेगा।
- **इसमें कैसे शामिल हो सकते हैं और प्रक्रिया क्या है?**
  आप नीचे दी गई आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सरलता से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आप GRAM 2026 में सीधे विज़िटर के रूप में भी शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम स्थल की जानकारी प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए लोकेशन क्यूआर कोड को स्कैन करें।

पंजीकरण के
लिए स्कैन करें

जयपुर एग्ज़िबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर
(JECC), जयपुर की लोकेशन
के लिए स्कैन करें

## प्रमुख सम्पर्क


**श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत**

अतिरिक्त निदेशक, कृषि विस्तार

कृषि आयुक्तालय, पंत कृषि भवन, जनपथ, सी-स्कीम, जयपुर 302005.

फ़ोन : +91 141 2227849   ईमेल : adldir.ext.agri@rajasthan.gov.in


---

### फिक्की ऑफिस


**श्री सौरभ पांडे**

अतिरिक्त निदेशक, फिक्की (FICCI)

फेडरेशन हाउस, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली 110001

ईमेल : shaurav.pandey@ficci.com


---

### हेल्पलाइन

कृषि विभाग : +91 94142 33985

फिक्की : +91 99457 90735

आयोजक

समिट पार्टनर

वेबसाइट के लिए स्कैन करें

MercuryDesign.in